प्रधानमंत्री ने काशी के गंजारी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया

चर्चा में क्यों?

- 23 सितंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी के गंजारी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश में बनाया जा रहा पहला स्टेडियम है।
- वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आधुनिक विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के प्रधानमंत्री के विज़न को साकार करने की दिशा में एक कदम होगा।
- आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाराणसी के गंजारी, राजातालाब में लगभग 450 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा और यह 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला होगा।
- इस स्टेडियम की वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरित है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की लाइट, घाट सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था और अगले हिस्से पर बेलपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिज़ाइन विकसित किये गए हैं। इस स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शकों की होगी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा बनारस के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण भी किया गया।
- प्रधानमंत्री काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव-2023' के अंतर्गत विजिताओं को पुरस्कृत भी किया।
- इन संस्कृति कर्मियों को सम्मानित करने का अभिनव कार्यक्रम पहली बार हुआ है। इसमें लगभग 40,000 से अधिक कलाकारों ने अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री ने 15 अक्तूबर से 05 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाले 'काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं' हेतु पोर्टल तथा क्यू-आर कोड का उद्घाटन भी किया।

//

DREAM11
INDIA

सांसद खेलकूद
प्रतियोगिता
काशी-2023
वेबसाइट एवं क्यू.आर. कोड का अनावरण
श्री नरेन्द्र मोदी जी
मा० प्रधानमंत्री
द्वारा
दिनांक- 23 सितम्बर 2023

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-laid-the-foundation-stone-of-international-cricket-stadium-in-ganjari-kashi